कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 12.11.2022

"5G रिलायंस के बढ़ते कदम से रोजगारों के अवसर"

आज दिनांक 12.11.2022 को शासकीय रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के प्राचार्य, डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशानिर्देशन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के मार्गदर्शन में रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के पूजन–अर्चन कर किया गया।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा कि रिलांयस 5 जी के महानगरों में स्थापना से रोजगार के अवसर खुल चुके है। डिजिटल इंडिया की अवधारणा के तहत रिलायंस 5 जी पूरे भारत में व्याप्त हो रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि रिलायंस की 5 जी JSST सर्टिफिकेशन कोर्स का अतिरिक्त अध्ययन का लाभ हमारे विद्यार्थियों को मिलेगा और उनके लिए भविष्य में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

उद्बोधन के इसी कड़ी में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. एच.एस. भाटिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र का बहुत बढ़ा महत्व है जिसमें रिलायंस कम्पनी का रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सराहनीय भूमिका रही है।

इसी कड़ी में रिलायंस से आए राजनांदगांव जिले के प्रबंधक श्री आसुतोष सोनी जी द्वारा अपने व्याख्यान में 5 जी, JSST के संदर्भ में छात्र–छात्राओं को तकनीकी जानकारी के साथ–साथ सर्टिफिकेशन कोर्स की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसे प्राप्त कर विद्यार्थी गण भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के लिए सक्षम हो सकेंगें।

इस कार्यक्रम में रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री विनय चौरे, एन.सी.सी. प्रभारी श्री उष्यंत कुमार चनाप, एन.एस.एस. प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, अतिथि सहायक प्राध्यापक श्री गन्नू साहू, श्री ओमप्रकाश सहारे एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहें।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य